भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 969

28 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केन्द्र

969. श्री महेंद्र भट्टः

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वर्तमान में परिचालित आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(ख) उत्तराखंड में ऐसे कितने केन्द्र परिचालित हैं तथा विगत तीन वर्षों के दौरान इन पर आवंटित और व्यय की गई बजट राशि कितनी है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत, राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के अनुसार, आयुष मंत्रालय ने उत्तराखंड में 300 सहित देश भर में 12500 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) [एएएम (आयुष)] के संचालन को मंजूरी दे दी है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, सभी कार्यशील हैं, एएएम (आयुष) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची **संलग्नक** पर दी गई है। पिछले तीन वर्षों के दौरान, एएएम (आयुष) के लिए उत्तराखंड को केंद्रीय हिस्से के रूप में कुल 2184.48 लाख रुपये जारी/आवंटित किए गए हैं और राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, इस राशि का उपयोग/खर्च किया गया है।

*****

संलग्नक

देश में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची

क्र.सं.	**राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के नाम**	**स्वीकृत एएएम (आयुष)**
1	अंडमान और निकोबार द्वीप	6
2	आंध्र प्रदेश	126
3	अरुणाचल प्रदेश	89
4	असम	500
5	बिहार	294
6	चंडीगढ़	12
7	छत्तीसगढ़	400
8	दिल्ली	0
9	दादरा व नागर हवेली और दमन व दीव	1
10	गोवा	100
11	गुजरात	365
12	हरियाणा	538
13	हिमाचल प्रदेश	761
14	जम्मू-कश्मीर	523
15	झारखंड	745
16	कर्नाटक	376
17	केरल	700
18	लद्दाख	0
19	लक्षद्वीप	7
20	मध्य प्रदेश	800
21	महाराष्ट्र	390
22	मणिपुर	15
23	मेघालय	24
24	मिजोरम	41
25	नागालैंड	49
26	ओडिशा	422
27	पुडुचेरी	4
28	पंजाब	158
29	राजस्थान	2019
30	सिक्किम	18
31	तमिलनाडु	650
32	तेलंगाना	421
33	त्रिपुरा	72
34	उत्तर प्रदेश	1034
35	उत्तराखंड	**300**
36	पश्चिम बंगाल	540
कुल		**12500**